# ओ३म्

# कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून, संस्कृत-विभाग

## शैक्षिक-भ्रमण 18 फरवरी 2026

कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून के संस्कृत विभाग द्वारा दिनाङ्क 18 फरवरी 2026 को शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह शैक्षिक भ्रमण मध्याह्न 1.30 बजे से लेकर रात्रि के 8.00 बजे तक "वैदिक साधना आश्रम" में होने वाले साप्ताहिक वेद प्रचार कार्यक्रम हेतु किया गया। जिसका संचालन संस्कृत विभाग की आचार्या डॉ. सुनीति आर्या जी की पूर्ण निर्देशन में किया गया। ऊपर वैदिक साधना आश्रम में विदेह योगी आदि कई संन्यासी भी आये हुये थे, जिनके प्रेरणाप्रद प्रवचनों का छात्राओं ने लाभ भी लिया। स्वामी विदेह योगी जी ने अपने जीवन 14 मतमतान्तरों में दीक्षा ली तथा 11 मतों का बहुतायत में प्रचार-प्रसार भी किया, यह प्रक्रिया सत्य के परिज्ञानार्थ की गई थी। अन्त में वैदिक धर्म में आने के बाद उन्हें सत्य का परिज्ञान हुआ और तब से वे वैदिक धर्म का प्रचार-प्रसार व अनुपालन में लगे हुये हैं। स्वामी जी के प्रवचनों के उपरान्त छात्राओं ने बलभद्र खलङ्गा स्मारक के दर्शन किये। इस विहार में छात्राओं ने बीच-बीच में आहार भी ग्रहण किया। तदनन्तर रात्रि के 8 बजे समस्त छात्राएं कन्या गुरुकुल परिसर सकुशल पहुंचीं। यह शैक्षिक भ्रमण ज्ञान के साथ - साथ मनोरञ्जन पूर्ण रहा। शैक्षिक भ्रमण में जाने वाली छात्राएं- सोनिका(शोधच्छात्रा), सञ्जना, वंशिका, देवांशी, प्राची, भुविका, विदुषी, पलक, शिल्पी।




तन, मन और धन से यज्ञ करो
हे सोम!




GPS Map Camera
देहरादून, उत्तराखंड, भारत
खलांगा मार्ग, रायपुर, देहरादून, उत्तराखंड 248008, भारत
Lat 30.342758° Long 78.098311°
मंगलवार, 17/02/2026 05:18 PM GMT +05:30
Google